चारों तरफ आज हाहाकार मचा हुआ है और जितने भी आदिवासी जिले हैं भंडारा, निमाड़, बैतूल, बालाघाट, सरगुजा, शाडौल, दुग, बस्तर इत्यादि, सभी में तहलका मचा हुआ है और सभी में सौ सौ, पचास पचास या दो दो सौ आदिवासी जेल गए हैं, उनके ऊपर मुकदमे चलाये गये हैं, जंगलों के लिये जमीन के लिये । मेरा कहने का मतलब यह है कि इस रिपोर्ट में जितने भी सुझाव दिये गये हैं, इन पर कोई इम्प्लीमेंटेशन होने वाला नहीं है । मैं आपको एक नमूना बतलाना चाहता हूं । अगर कोई बात कही जाती है तो केन्द्रीय सरकार उसके बारे में यह कहती है कि यह हमारा काम नहीं है, हम तो खाली राज्य सरकार को डायरेक्शन ही दे सकते हैं और जब स्टेट गवर्नमेंट को कहा जाता है तो वह कहती है, हम क्या करें, सेंट्रल गवर्नमेंट समय पर हमें पैसा नहीं देती है, हम क्या कर सकते हैं । सेंट्रल गवर्नमेंट जो ब्लेम है उसको उन पर फैंकती है और जो स्टेट गवर्नमेंट है वह उस ब्लेम को सेंटर पर फैंकती है, यह मेरा अपना अनुभव है । इसीलिये मैं कहता हूं कि इस रिपोर्ट में जो सुझाव दिए गए हैं, वे इम्प्लेमेंट होने वाले नहीं हैं । मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप और कुछ नहीं कर सकते हैं, अगर आप हमारा विकास नहीं कर सकते हैं, अगर आप हमें प्रगति की राह पर नहीं ला सकते हैं तो कम से कम जो शोषण हमारा हो रहा है, उसको तो आप बन्द करें । हमारी भूमि न जाए, जंगलों के अन्दर हमारे जो राइट्स और प्रिविलेजिज हैं, वे तो कायम रहें । अगर आप हमारे वे राइट्स नहीं देते हैं तो कम से कम जो आपने पालिसी बनाई है, उस पालिसी के खिलाफ जो अफसर चलते हैं, उनके ऊपर तो आप नजर रखें, आदिवासियों को परेशान तो न करने दें । जिन आदिवासी भाइयों पर जंगलों को लेकर या भूमि को लेकर मुकदमे चलाये जाते हैं और जेल भेज दिया जाता है, वह तो बन्द हो ।

अन्त में मैं कुछ सुझाव देकर अपना भाषण समाप्त करता हूं । मेरे सुझाव इस प्रकार हैं । पहला सुझाव मेरा यह है कि शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का काम, दवाइयों इत्यादि का काम किसी भी दूसरी संस्थाओं के हाथ में नहीं रहना चाहिये, सरकार को इसे अपने हाथ में ले लेना चाहिये । इस समय चूंकि ऐसा नहीं है इस वास्ते हजारों की तादाद में आदिवासियों का धर्म परिवर्तन हो गया है । हमारे पास और कुछ तो बचा नहीं है, धर्म, संस्कृति और यह आचार विचार ही तो बचा है । हमारी जात ही खत्म हो गई तब आगे हमारा क्या होगा, इसका अनुमान लगाया जा सकत

[श्री उइके]

है । जो लोग पैसों में हमें तौलना चाहते हैं, वह बन्द हो । लाखों भाइयों का पहले ही धर्म परिवर्तन हो गया । यह शिक्षा और दवाइयों का कारोबार आप किसी संस्था के हाथ में रहने देंगे तो आदिवासियों का धर्म परिवर्तन बराबर होता रहेगा और हजारों की संख्या में आदिवासी ईसाई होते रहेंगे । इस वास्ते इस ओर आपका तत्काल ध्यान जाना चाहिये । मुझे पता नहीं कि जांच समिति की जो रिपोर्ट है, उस पर सरकार चुपचाप क्यों बैठी है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती है ।

दूसरा सुझाव मेरा यह है कि आदिवासी क्षेत्रों में सरकार शिशु कल्याण केन्द्र खोले । तीसरा सुझाव यह है कि धीरे धीरे सरकार आदिवासियों में शराब बन्दी करे । चौथा सुझाव यह है कि उन को वह कर्ज से मुक्ति दिलाये । पांचवां सुझाव यह है कि उन के लिये भूमि का बन्दोबस्त करे । जिस की जो भूमि है उस को अगर आप वह नहीं देते हैं तो कम से कम उन की भूमि उन को दिला दी जाये तथा बहुत सी जो भूमि आप के पास परती पड़ी हुई है हर एक प्रदेश में कई करोड़ एकड़ परती पड़ी हुई है वह भूमि उन को दे दी जाए ।

छठा सुझाव मेरा यह है कि सरकार की जो नीति जंगलों के बारे में है, उस को वह बदले । सातवां सुझाव यह है कि पीने के पानी का सब से पहले वह प्रबन्ध करे । आठवां सुझाव यह है कि केन्द्रीय गृह मंत्री के दस्तखतों से यहां से चीफ मिनिस्टर्ज को चिट्ठियां जानी चाहिये जिस में आवश्यक निर्देश दिये जाने चाहियें । अगर माननीय उप-गृह मंत्री महोदया की तरफ से चिट्ठी जायेगी तो उस का राज्य के मुख्य मंत्रियों पर कोई असर नहीं होगा स्टेट्स के अन्दर जो विकास कल्याण मंत्री हैं वे सदा दौरा करते रहें और जिस जगह आदिवासियों का एक्सप्लायटेशन होता है, उस को वह रोकें । राज्यों के अन्दर पब्लिसिटी डिपार्टमेंट खोले जायें और जो सेफगार्ड उन को दिये गये हैं, उन सेफगार्ड्ज की पब्लिसिटी की जाये, वाइड पब्लिसिटी की जाये । मैं यह भी चाहता हूं कि गृह मंत्री महोदय एक परिषद् करें जिस में हम लोग भाग लें, स्टेट्स के मिनिस्टर भाग लें अफसर भाग लें, वे लोग भाग लें जोकि नान-ट्राइबल्ज हैं और जो आदिवासी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, वे भाग लें जोकि आदिवासियों से हमदर्दी रखते हैं और दो तीन दिन तक इस पर चर्चा चले और जो कोई सुझाव वहां दिये जायें उन को अमल में लाने की कोशिश की जाये । यहां पर इस सदन में इतना समय नहीं होता है कि माननीय सदस्य अपनी पूरी बात कह सकें । एक सुझाव मैं यह भी देना चाहता हूं कि जो पैसा आदिवासियों की भलाई के कामों के लिये जितना मांगा गया है, उस को प्लानिंग कमिशन कम न करे । यह सवा दो करोड़ जनता का सवाल है । अन्तिम सुझाव जो मैं देना चाहता हूं वह यह है कि दस साल के बाद कांस्टीट्यूशन को अमेंड कर के एक और कमिशन बिठाने की व्यवस्था की जाए जो अपनी रिपोर्ट दे और बतायें कि क्या कुछ हुआ है और क्या कुछ होने को बाकी पड़ा है । इस से राज्य सरकारों को एक प्रकार का भय होगा और अच्छी तरह से काम हो सकेगा ।

मैं आशा करता हूं कि इन सुझावों पर ध्यान दिया जायेगा ।

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जरूरी नहीं है कि जो गलती एक दफा कर ली जाए वह हम हमेशा करते रहें, अगर हम ने एक दफा जहर खा लिया तो उस जहर को खाते रहें, या अगर एक दफा आग में हाथ जल गया तो उसे हमेशा जलाते रहें । देश को ट्राइब्ज के नाम पर, शैडयूल्ड कास्टस के नाम पर अलग अलग

स्थानों में बांट कर हम ने बड़ी गलती की है खास तौर से लैंग्वेज के नाम पर देश की तकसीम कर के तो हम ने सब से बड़ी गलती की है । आज जरूरत इस बात की है कि हिन्दुस्तान के ४५ करोड़ बाशिन्दों को एक भारत के नाम पर हिन्दुस्तान की डेफिनिशन के अन्दर एक सूत्र में पिरोया जाये । हम देखते है कि जो चालाक लोग है वे हाथ मारते जाते है और जो कमजोर लोग हैं वे पिसते जाते हैं । गूजर कम्यूनिटी के छः करोड़ मेम्बर हैं जोकि इस देश में रहते हैं । लेकिन छः करोड़ गूजरों मे से एक भी नुमाइंदा एम० पी० हो कर नहीं आया है एक भी गूजर इस पार्लियामेंट हाउस में नहीं है । सारे देश में एक भी कलेक्टर गूजरों का नहीं है, सारे देश में एक भी कमिश्नर उन का नहीं है । मैं कोई बहुत बडी बात नहीं कहता, लेकिन कहीं पर गूजर एस० डी० ओ० भी मैं ने बड़ी तादाद में नहीं देखे । तो कब तक यह शोषित जातियां पिसती रहेंगी में आज आवश्यकता इस बात की है कि सारा देश एक सूत्र में बांधा जाये । यह कह कर कि यह शेड्यूल्ड ट्राइब्ज का है, शेडयूल्ड कास्ट्स का है यह बैकवर्ड है, अगर हम अपने देश को टुकड़ों में बांटते जायेंगे तो हमें और भी ज्यादा मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा ।

महात्मा गांधी जी का विजन बहुत साफ था उन का दृष्टिबिन्दु बहुत किलअर था, उन का दृष्टिबिन्दु आइने और चांद की तरह से रोशन था, इसलिये उन्हों ने कह दिया था :

"I would not accept the Partition of India even if the whole of the country were to go into flames."

महात्मा गांधी ने यह वादा किया था कि चाहे देश का चप्पा चप्पा जल जाये, लेकिन में देश को किसी जाति के नाम पर, मजहब के नाम पर, धर्म या सम्प्रदाय के नाम पर तकसीम नहीं करूंगा । लेकिन आज मैं देखता हूं कि नागालैंड बन रहा है, आज आंध्र प्रदेश बन रहा है, अलग अलग स्थान बन रहे हैं और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम तो नारा लगाता है कि वह इस देश की तकसीम को चाहता है, वह यह कहता है कि जब तक हिन्दुस्तान की तकसीम नहीं होगी तब तक वह चैन से नहीं बैठेगा । इसलिये आज मेरी सलाह है, मैं आप के जरिये से गवर्नमेंट को सलाह देता हूं कि हम हिन्दुस्तान के अन्दर एक जातीयता की भावना पैदा करें राष्ट्रीयता की भावना पैदा करें और देश के अन्दर . .

Shri C. M. Kedaria (Mandi): On a point of order. . . .

Shri Yashpal Singh: I do not yield, Sir. When I do not yield, my hon friend cannot raise his point of order.

आज देश के अन्दर ऐसी भावना पैदा करने की जरूरत है कि ४५ करोड़ इन्सान एक सूत्र में बंध जायें ।

Shri C. M. Kedaria: My point of order is this that the hon. Member is speaking something irrelevant to the report under discussion, because there is no such section and no such partition; but the Scheduled Tribes are given special rights under the Constitution because of their social and economic backwardness.

श्री यशपाल सिंह : मैं इस बात को मानता हूं कि जो गिरे हुए हैं उन को उठाया जाये, में इस बात को मानता हूं कि जो दलित हैं उन को उठाया जाये, मैं इस बात से इन्कार नहीं करता हूं कि जो दलित और शोषित जनता है उस उठाया जाये, उस के लिये इमदाद दी जाये, उस के लिये तालीम का और यहां पार्लियामेंट में आने का पूरा इन्तजाम हो । उनका रिप्रेजेन्टेशन हो, उन के कलेक्टर्स हों, मिलिटरी में, पुलिस में उन का रिप्रेजेन्टेशन हो, यह मैं मानता हूं । किन्तु यदि कास्ट और क्रीड के नाम पर, जाति पाति के नाम पर, आप देश में नुमाइन्दगी देंगे और देश में

[श्री यशपाल सिंह]

अलग सीट्स मुकरर करेंगे, तो यह सब से ज्यादा शर्म की बात है। अगर हजरत ईशू मसीह पर ईमान ला कर एक करोड़ इन्सान ईसाई हो जाते तो मुझे एतराज नहीं था, अगर बाइबल पढ़ कर एक करोड़ इन्सान ईसाई हो जाते तो मुझे कोई आब्जेक्शन नहीं था, लेकिन सरकार रोटी और कपड़े का इन्तजाम न कर सके रोटी और कपड़े के नाम पर लोगों को ईसाई बनाया जाय, यह बहुत बुरी बात है। अमरीका और इंग्लैंड से करोड़ों रुपया इस के नाम पर आये, यह हमारी सरकार के ऊपर सब से बड़ा कलंक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि देश में एक राष्ट्र धर्म पैदा किया जाय, जातीयता पैदा की जाये, एक नेशनलिज्म पदा किया जाये और ४५ करोड़ हिन्दुस्तानी अपने आप को पहले हिन्दुस्तानी समझें, लेकिन इन पन्द्रह सालों में वह ऐटमास्फिअर क्रिएट नहीं किया जा सका है। इन पन्द्रह सालों में हम जिस को राष्ट्रीयता कहते हैं, जातीयता कहते हैं, नैशनलिज्म कहते हैं, पैट्रियाटिज्म कहते हैं, वह पैदा नहीं किया जा सका है। वह बादशाह खां भी हमारे साथी हैं जो कि अकेले आज तक एक जातीयता के लिये पाकिस्तान में नारा लगाते हैं, लेकिन हम लोग इस नारे को छोड़ते चले जाते हैं। पन्द्रह सालों में अपनी जातीयता के लिये, अपने देश के लिये, अपने धर्म के लिये, अपने राष्ट्र के लिये, हम ने कोई सेंटिमेंट पैदा नहीं किया। हम वह वातावरण पैदा नहीं कर सके हैं जो कि हमारे देश को आगे बढ़ाता।

आज अगर एक नौजवान को पता लग जाय कि वह सरकार के खर्चे से इंग्लैंड में पढ़ने जा रहा है तो आज ही उस के चेहरे पर रौनक आ जायेगी, आज ही उसका पिता ५०,००० रु० दहेज में मांगने लगेगा, क्योंकि यहां हिन्दुस्तानियत पैदा नहीं की गई है। अगर हिन्दुस्तानियत पैदा की जाती तो विदेशों के लिये किसी तरह का प्रेम पैदा नहीं हो सकता था। आज जरूरत इस बात की है कि सारे देश को एक सूत्र में बांधा जाये।

Shri D. J. Naik: Is there any relevance to the subject?

Shri Deshpande (Nasik): This has nothing to do with the subject before the House.

श्री यशपाल सिंह : सारे देश को एक सूत्र में बांधा जाये और ४५ करोड़ इन्सानों में जो शोषित जनता है, जो एक्स्प्लायटेड जनता है, जिस जनता को पतित और पददलित किया गया है, उसे बराबर के स्तर पर लाया जाये और जाति पांति के नाम पर, ट्राइब्ज के नाम पर या किसी ऐसी चीज के नाम पर जिस से अलग रिप्रेजेन्टेशन होता हो, कोई काम करना हमारे देश के लिये बड़ा घातक होगा।

महात्मा गांधी जी ने यह कहा था कि जिस तरह से पाप करने वाले को सजा दी जाती है उसी तरह से अस्पृश्यता मानने वाले को, अछूतपन मानने वाले को, अनटचेबिलिटी मानने वाले को, सजा दी जाये। लेकिन अनटचेबिलिटी आज भी हमारे समाज में है। आज हम ने कानून तो बनाया लेकिन समाज की जड़ों के अन्दर अछूतपन और अस्पृश्यता है, अनटचेबिलिटी है। जरूरत इस बात की है कि कानूनन इस को रोका जाय। हमारा इतिहास साक्षी है इस बात का कि जब हम ने किसी को एक अलग शेड्यूल्ड कास्ट्स का समझा, जब किसी को अछूत समझा, किसी को पतित समझा, जब हम में इस तरह की तकसीमें हुईं, उसी वक्त से हम गुलाम होते चले गये, हमारी आजादी छिनती चली गई। चाहे आप काश्मीर के अन्दर चले जायें या किसी और जगह चले जायें, हर जगह जाति पांति का मसला है। मैं दरख्वास्त करता हूं कि अलग अलग ट्राइब्ज के नाम पर नहीं, हिन्दुस्तान के ४५ करोड़ इन्सानों के नाम पर देश को एक किया

जाये, और जो लोग अछूतपन को आज भी मानते हैं, अस्पृश्यता को आज भी मानते हैं, उन्हें कानूनन सजा दी जाये, उन के हाथ कटवा लिये जायें, उन को जेलखानों में डाला जाय, और एक ऐसी हालत पैदा की जाये कि ४५ करोड इन्सानों को जाति पांति का, बिरादरी का, कास्ट या ट्राइब का खयाल छोड़ कर जातीयता के एक सूत्र में पिरोया जा सके ।

"हम मवाहिद हैं, हमारा तर्ज है तर्के रसूम,
मिल्लतें जब मिट गई, अजजायें ईमां हो गई ।"

यह काम हमारे करने का है । अगर यह काम आज नहीं हुआ है और आज एक राष्ट्र का निर्माण नहीं हुआ तो द्रविड़ मुनेत्र कड़गम का नारा भी जबर्दस्त होगा और कोई राजपूतिस्तान मांगेगा, कोई सिखिस्तान मांगेगा और कोई अकालो सूबा मांगेगा । आज हम को यह तय करना है कि हम देश के नाम पर, राष्ट्र के नाम पर एक हो जायें, और अलग-अलग ट्राइब्ज को छोड़ कर जो आदिवासी भाई हैं दो या ढाई करोड़ की संख्या में उन को गारेन्टी दें । सिर्फ इसलिये नहीं कि वे आदिवासी हैं हम उन के लिये स्कालरशिप्स का इंतजाम करें, बल्कि इसलिये कि वह ढाई करोड़ इन्सान बहादुर इन्सान हैं, इस देश के स्तम्भ हैं, और उन्हों ने अपनी जान पर खेल कर इस जाति और धर्म को जिन्दा रक्खा है, यहां के नेशनलिज्म को जिन्दा रक्खा है । उन्होंने हमारी जातीयता के लिये धर्म के लिये, राष्ट्र के लिये, हमारी अपनी संस्कृति के लिये, तहजीब के लिये आज तक कुर्बानियां की हैं । खुद भूखें रहे हैं लेकिन हमारी संस्कृति पर आंच नहीं आने दी है । ४५ करोड़ इन्सानों को एक जगह पर लाया जाये, और जो यहां नहीं आ सके है अपनी इग्नारेंस की वजह से या इस वजह से कि उन की आवाज नहीं है, उन को लाया जाय ।

हमारे यहां चुड़ड़पुर में हमारे प्रधान मन्त्री गूजर कान्फेंस का उदघाटन करने गये थे । लाख से ज्यादा गूजर वहां इकठे हुए थे वे इस पर मुतमईन हो गये थे कि उन का रिप्रेजेन्टेशन मिलेगा, लेकिन वह नहीं मिल सका । इस लिये मेरी दरख्वास्त यह है कि शेड्यूल्ड ट्राइब्ज, शेड्यूल्ड कास्ट, आदिवासी भाई या दूसरे लोग जो पतित और पददलित हैं उन को एक स्तर पर लाया जाये, उन के स्टैन्डर्ड आफ लिविंग को ऊंचा किया जाये और देश में से जाति पांति की बुनियादों को दूर कर के ४५ करोड़ इन्सानों के लिये एक नेशनलिज्म कायम किया जाये ।

Shri C. M. Kedaria: I am glad you have given me time to speak, and I thank you very much.

First of all. I would like to thank the Chairman of the Commission, Shri Dhebarbhai, because it is a very valuable and informative document for the scheduled tribes. The welfare of the tribal people and the development of the tribal areas have been acepted as a constitutional obligation by the Government of India, and in pursuance of article 339, the Commission was appointed by the President, under the chairmanship of Shri Dhebarbhai. The report of the Commission, which bears the imprint of hard work and devotion to the welfare of the scheduled tribes, is really valuable and informative. The Commission deserves congratulations for the work it has done.

The Commission has highlighted the facts as to how the Adivasis have lost their land ownership rights, their forest economy, and suffered displacement as a result of land acquisition for projects such as irrigation, power, mining and industry. It will not be incorrect to say that not much has been done in providing irrigation facilities in the backward areas. The All India percentage of irrigation is 17 per cent while in Dangs district it is zero per cent, in Broach it is 0·70 per cent, in Panch Mahal it is 1·37 per cent, in Baroda it is 1·37 per cent and in Surat district it is 1·45 per cent that is in Gujarat State. This shows that the Adivasis living there and depending on agriculture got much less facilities in the First and Second Plans. I would like to suggest that

[Shri C. M. Kedaria]

certain measures should be taken for the uplift of the Adivasis. To my mind, the Narmada and Ukai projects in Gujarat should be given the utmost priority. These are projects in adivasis areas and should be taken up by the Central Government at an early date. I am constrained to say that the Union and the State Governments have acquired 62,238 acres of land from Scheduled Tribe families causing displacement of 14,113 Adivasi families. We advocate that in such acquisition of land for projects: "land for land and house for house" will be given; but it is a tragedy that only 3477 families out of 14,113 displaced families were rehabilitated and only 8314 acres of land out of 62,238 acres taken away was given for settlement. It is apparent that the economic interests of the Scheduled Tribes are not protected under article 46 of the Constitution and the Governors have also failed to protect the rights of tribals in land. The Commission have rightly recommended the provision of adequate safeguards to ensure that the displaced persons are saved from discomfort, loss and anxiety.

I am very happy to hear what the hon. Home Minister said about the measures adopted for the development of Adivasis. We are also glad to learn that in the conference of Chief Ministers, they have already accepted the proposals contained in chapters 11, 12 and 16 of the report. But it would have been far better if the members of the tribal advisory council and other non-officials were also included in those discussions. They would have given some valuable suggestions on it.

Mostly Adivasis reside in forest areas and in jungles and when they apply for land, I am sorry to say their applications for grant of land for cultivation are not sanctioned by the forest department in time, which drives them into litigation. Consequently the tribals who were the original inhabitants of the jungle areas have lost their interest in the development of forests, preservation of trees, etc., and it has led to illicit cutting of trees. It is felt that the Government should follow a progressive policy to rehabilitate the tribals.

Then, I would like to draw the attention of the hon. Home Minister to one point. Constitutionally, we are given the safeguards through reservation in posts and representation in the legislatures also. I am sorry to say that the Commission has not taken due attention of the Supreme Court's judgment which was before them for reservation in promotion and selection posts also. The Supreme Court has very rightly pointed out that the words "in respect of any employment" used in article 16 must include all matters relating to employment as specified in article 16. It also opined that the reservation for Scheduled Tribes should be extended to promotion in selection posts which are included in article 16(1) and (2). The Supreme Court has mde it clear that the powers of reservation conferred under article 16(4) can be exercised by the State in a proper case not only by providing reservation for initial appointment but also by providing reservation in selection posts. The scope of the article is to be construed not in a technical or pedantic approach but in a broad and general way.

Having regard to this, I was disappointed to find that the Commission has merely satisfied itself by saying that it does not seem necessary to modify the existing orders. This is not consistent also with the Commission's view that the tribals will judge the Government not by its constitutional obligations or its intentions but by the active steps taken to make the safeguards a reality. I believe that the Supreme Court's interpretation of article 16 should be accepted in full by reserving posts in respect of promotion also for the Scheduled Tribes.

I was going to refer to the management of tribal blocks. In tribal blocks, generally the officers are so appointed that they sometimes ignore the interest of the tri al people and work against the interests of the peple. So, sometimes the Government's intentions are frustrated or nullified by such officers. I ,am therefore, of the opinion that wherever possible, the non-official agencies should also be brought in any they should be given powers to exercise functions over the tribal blocks.

The hon. Home Minister has rightly suggested that in some measure the Zila Parishads will also be given powers, and the district magistrate at the ditrict level will co-ordinate the work at the district level. I am of opinion that this should also be tried. We should not depend only on the officers of the Government or the Government agency.

In the end, I would like to compliment the Commission, because as the hon. Member Shri Uikey rightly said, the Dhebar Commission's report is really Gita for the Advivasis, and the recommendations should be implemented *in toto*. At a meeting of the Chief Ministers, they considered only the administrative points. They have ignored the steps for economic and social development. They have not taken that aspect into consideration. Therefore, whenever there is another sitting, I hope these points will be considered.

With these words, I really pay my compliments to the Chairman and Members of the Commission, who have put a very valuable and informative document before the nation, for the upliftment and development of the tribal people.

श्री मरंडी (राजमहल) : उपाध्यक्ष महोदय, शड्यूल्ड एरियाज और शेड्यूल्ड ट्राइब्स कमीशन की जो रिपोर्ट आई है उस का मैं स्वागत करता हूं परन्तु साथ ही साथ मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि इतनी जोरदार सिफारिशें होने के बावजूद आदिवासियों की उन्नति के लिये उतना काम नहीं हो रहा है जितना कि होना चाहिये था ।

पहली पंचवर्षीय योजना में आदिवासियों के वास्ते करीब २४ करोड़ रुपया रक्खा गया था लेकिन मुश्किल से १६ करोड़ रुपया खर्च किया गया और ५ करोड़ रुपया वापिस कर दिया गया ।

दूसरी पंचवर्षीय योजना में १० करोड़ रुपया वापिस कर दिया गया । यह कितने दुःख का विषय है कि रुपया रहते हुए भी आदिवासी क्षेत्रों में आदिवासियों को ऊपर उठाने और उन की सहायता करने का काम नहीं हो सका है । इस से ज्यादा दुःख की बात आदिवासियों के लिये और क्या हो सकती है कि जो भी रुपया खर्च हुआ है वह सही रूप में खर्च नहीं हुआ है क्योंकि आदिवासी क्षेत्र में जितने भी सरकारी अफसर या कर्मचारी हैं वे आदिवासियों के बीच में दिलचस्पी के साथ काम नहीं कर रहे हैं ।

17.32 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

बिहार में जनसंख्या के हिसाब से १,०२७,५७३ रुपये खर्च होने थे लेकिन ६०१,४४ रुपये मुश्किल से खर्च किये गये हैं अब आदिवासियों को यदि ऊपर उठाना है, आगे बढ़ाना है और उन को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना है तो इस से ज्यादा आर्थिक सहायता की उन को जरूरत है और साथ ही इस को भी देखा जाय कि जो रुपया उन के वास्ते रक्खा जाय वह पूरा पूरा और सही तौर से खर्च हो । जिस प्रकार से पथरीली जमीन को उपजाऊ बनाने के लिये काफी मेहनत और काफी रुपये की जरूरत पड़ती है उसी प्रकार इन गरीब आदिवासियों को भी ऊपर उठाने के लिये और आगे बढ़ाने के लिये काफी रुपये और मेहनत की जरूरत है ।

[श्री मरंडी]

आजादी मिलने से पूर्व हम आदिवासी लोग भी यह आशा करते थे कि भारतवर्ष के आजाद हो जाने पर हमारे दिन भी फिरेंगे और हम लोग भी सुख के साथ अपनी जिंदगी बसर करने के काबिल हो जायेंगे और हमारी रोजी, रोटी, कपड़े और मकान की समस्या हल हो जायगी । इंसान की तरह हम भी जिन्दगी बसर कर सकेंगे । लेकिन आज हमारी वह आशा निराशा में बदलती जा रही है ।

आज देश में बड़े-बड़े कल, कारखाने खुल रहे हैं और अनेकों बांध बन रहे हैं । इस के परिणामस्वरूप लाखों लोगों को अपनी जमीनों से हाथ धोना पड़ता है और उन में आदिवासियों और हरिजनों की संख्या ज्यादा है । अब सरकार को इस के लिये सोचना चाहिये कि जिन गरीब आदिवासियों ने अपना खत, पसीना एक कर के और जंगल काट कर भूमि साफ की और उस पर परिश्रम कर के उसे खेती योग्य बनाया' ऐसी जमीनें से उन गरीब लोगों को थोड़ा पैसा दे कर जो वंचित किया जा रहा है यह कहां तक उचित है ? यह बड़े दुख और अफसोस की बात है कि उन को इस तरह से खेती योग्य जमीनों से थोड़ा पैसा दे कर बेदखल किया जा रहा है । इसलिये मेरा सुझाव है कि आदिवासियों की किसी भी हालत में जमीन में वंचित न किया जाय । उन को परती जमीन देने का भी बंदोबस्त किया जाय ताकि उन को कृषि योग्य बनाया जा सके ।

आदिवासी क्षेत्रों में ये देखा जाता है कि सेठ और महाजन आदि मनमाने तौर पर अपना काम करते हैं और गरीब आदिवासियों से कर्जे के ऐवज में बहुत अधिक ब्याज वसूल करते हैं । कमिशन की रिपोर्ट में भी यह चीज दी हुई है कि वहां सूद की दर बहुत ज्यादा है । वहां पर संथाल परगना टेननसी एक्ट लागू है और उसके अनुसार जितने भी महाजन लोग हैं उनके पास इसके लिये लाइसेंस होना चाहिए लेकिन मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि वहां पर काफी तादाद में ऐसे महाजन काम करते हैं जिनके पास कि लाइसेंस नहीं होता है । हजार दो हजार रुपये का कारोबार करते हैं । सरकार जानती है और सरकार के कर्मचारी भी इसको जानते हैं लेकिन इस ओर कुछ भी ध्यान नहीं देते हैं । आदिवासियों के लिये कितना ही सुन्दर से सुन्दर कानून क्यों न बनाया जाय जब तक उनको इन सूदखोर महाजनों के चंगुल से बचाया नहीं जायेगा तब तक इन आदिवासियों की उन्नति न हो सकेगी । इसलिये मेरा सुझाव है कि उन पर जितने भी पुराने कर्जे हों वे माफ कर दिये जाय । सदियों से जो आदिवासी पुराने ऋणों के नीचे दबे हुए हैं उन पुराने कर्जों को माफ कर दिया जाय । उनको ऋण से बचाने के लिये एक समिति बनायी जाये और उसकी देख रेख में जितने भी आदिवासी क्षेत्र में महाजन लोग हैं वह लाइसस लेकर ठीक से काम करें । सरकार को अच्छी तरह से देखना चाहिए ताकि कोई नाजायज काम न होने पाये ।

आदिवासियों को पृथक पृथक न रख कर उनको एक एक साथ में रखने की व्यवस्था होनी चाहिए । संथाल परगना जहां कि काफी आदिवासी रहते हैं उस क्षेत्र को दो जिलों में विभक्त करने की सोची जा रही है। आज चूंकि जनता के एक प्रतिनिधि की हसियत से इस संसद में बोलने का मौका मिला है इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि इस तरह से उनको विभक्त न किया जाय और हमारे संथाल परगना को दो हिस्सों में न बांटा जाय ।

हमारे आदिवासी क्षेत्र मे जितने भी सरकारी अफसर आदि होते हैं वे वहां की स्थानीय बोली को नहीं जानते हैं । अब वहां की बोली न जानने के कारण

जितने भी विकास वगैर हैं के काम वहां पर होने के लिए होते हैं वह ठीक तरीके से नहीं हो पाते हैं । इसलिए मेरा सुझाव है कि वहां जितने भी अफसर भेजे जाय वे वहां की भाषा को जानने वाले और वहां के रीति रिवाजों को जानने वाले होने चाहिएं ।

शिक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में मुझे यह निवेदन करना है कि जहां आदिवासियों की संख्या लाखों में है वहां उनको अपनी मातृभाषा को पढ़ने की सुविधा दी जाय । प्राथमिक स्कूलों मे जो छोटे छोटे बच्चे आते हैं वे बच्चे शिक्षकों की बोली नहीं समझते हैं और शिक्षक महोदय उन बच्चों की बोली नहीं समझते हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि वहां जो शिक्षक भेजे जायें वे वहां की लोकल भाषा को जानने वाले हों ताकि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा दी जा सके । प्राथमिक स्कूलों मे बच्चों को उनकी मातृभाषा सिखाने की व्यवस्था होनी चाहिए ।

आदिवासी जिन क्षेत्रों में बसते हैं वहां पर काफी खनिज पदार्थ उपलब्ध हैं । कोयला, लोहा, अबरक आदि खनिज पदार्थों के निकालने से वहां काफी रुपये की आमदनी है लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उन इलाकों मे, जहां से कि इतनी अधिक आमदनी होती है उस हिसाब से विकास नहीं हो रहा है । हमारे संथाल परगना के आदिवासी इलाके में रास्तों की बुरी हालत है । बैलगाड़ी के चलने लायक रास्ता भी वहां पर नहीं है । रास्ते ऐसे खराब हैं कि उन पर बैलगाड़ी चलना भी मुश्किल है । एक सड़क सिमरा टु बुआरीजोर— बुआरीजोर टु बोरियो और बुआरीजोर टु गिरजा चौकी बननी थी । बिहार सरकार ने इस सड़क को बनाने के लिए अपने अफसरान को लिखा हुआ है लेकिन अभी तक वह सड़क नहीं बन पाई है । सड़क निर्माण की वहां पर यह हालत है । सम्बन्धित और मौके के अधिकारी गफलत बरतते हैं जिससे कि वह काम नहीं हो पाता है ।

इर्रीगेशन वहां पर नहीं के बराबर है । आदिवासियों के लिये सिंचाई की व्यवस्था करने के लिये कागज पर कलम से करोड़ों रुपये रक्खे जाते हैं लेकिन हकीकत में वह बस कागज तक ही सीमित रह जाते हैं और दर असल काम जो होना चाहिए वह नहीं होता है। वजह इसकी यह है कि वहां के सरकारी कर्मचारी उतनी दिलचस्पी के साथ अपना काम नहीं करते हैं जैसा कि उनको करना चाहिए । कागज पत्तर पर इर्रीगेशन की योजनाएं बनी अवश्य हैं लेकिन अमल उन पर कुछ भी नहीं है । आदिवासियों का जीवन सिंचाई की उत्तम व्यवस्था पर निर्भर करता है । इसलिये यह बहुत आवश्यक है कि वहां पर सिंचाई की अच्छी व्यवस्था की जाय ।

आदिवासी और हरिजनों को नौकरियां देने के लिए हर एक प्रकार की योजना है लेकिन वह योजना महज कागजों तक ही सीमित हैं क्योंकि हम देखते हैं कि आदिवासियों को नौकरियां नहीं मिलती हैं । इसलिए मेरा सुझाव यह है कि जितने भी पढ़े लिखे आदिवासी हैं, जिन आदिवासियों ने शिक्षा पाई है, उनको नौकरी में लिया जाना चाहिए और नौकरी के सम्बन्ध में इन्टरव्यू के लिए उनको भत्ता दिया जाना चाहिए ।

Shrimati Akkamma Devi (Nilgiris): Mr. Speaker, Sir, I rise to extend my sincere thanks to the Chairman of the Commission for the valuable report placed before the House after visiting the various tribal areas and gathering first-hand information. The Chairman and members of the Commission deserve our hearty congratulations for this.

From the Report we find that many welfare schemes were launched for the upliftment of the tribals, economically, educationally and socially. A sum of Rs. 24.85 crores was allotted in the First Plan, Rs. 50.932 crores in the Second Plan and Rs 59.9018 crores in the Third Pan. But, meanwhile, most of the schemes were not implemented successfully. Lack

[Shrimati Akkamma Devi]

of trained personnel with aptitude and experience to work in tribal areas stood in the way of successful implementation. My humble suggestion is that only trained persons with experience and aptitude should be appointed and selection should on no account be made on mere qualifications. A field worker who has merely passed the eighth standard but with aptitude and zeal ofor service is far more efficient in his work than a person who has passed the school final or even pre-university but without the inborn gift for service.

Secondly, language also plays an important part in the successful implementation of our various programmes. As far as possible, selection should be made from among the tribals, even without adequate training, and they should be trained and absorbed in their respective areas.

We speak so much about co-operation of individuals, both official and non-official and co-ordination between various departments, both of government and non-official organisations. But, practically, these two important factors are not considered, in our day to day administration and without these two factors effective implementation is not at all possible. Therefore, there should be effective co-ordination between departments dealing with tribal welfare and the departments dealing with general development programme.

Now I pass on to voluntary organisations like the All India Council for Child Welfare, All India Women's Conference, the Servants of India Society, the Bharat Sevak Samaj and various other organisations which have done pioneer work for the welfare of Scheduled Tribes and Scheduled Castes. There are organisations which have done constructive work for the tribals, spending from their own resources and also by way of local collections and donations. My request is that Government should encourage these voluntary organisations by giving substantial amounts to them and they should also see that delay is not caused in releasing the grants to the existing institutions. This encouragement to these institutions not only helps them to expand and consolidate their activities but it also paves the way for other new institutions to come up and take up constructive work for the tribals in various fields.

Now, I would like to speak about the housing conditions of the Tribals which need adequate attention of the Government. During the last four years an adequate amount was spent on housing but in the year 1960-61 a sum of Rs. 120 lakhs remained unspent. Therefore housing conditions of the Tribals should be given careful consideration and their living conditions should be improved. In places which I have visited I have seen the Adivasis packed together in small huts with unhygienic conditions and without proper ventilation. Therefore improving the housing conditions of the Tribals should be given the first place.

Now I would say a little about industries which help the Tribal population. Work and wage is the crying need of the Tribal population which was economically backward and socially mal-adjusted. The Tribals are eager to put in hard work and earn their living. But in Tribal areas we find that the Tribals have work only for two or three days and for the rest of the days they remain idle. They nearly starve living on herbs and tubers from the forest areas. Therefore I request our Government, particularly the Commerce and Industry Ministry to afford facilities to this Tribal population through its various organisations and industrial boards to get part-time or full-time work and thus help them to earn their daily bread.

I will conclude by saying that Government should bring in strict measures to prevent moneylenders from lending money to these Tribals. These moneylenders lend money on such a high rate of interest that after a few

years the interest exceeds the amount borrowed from the moneylenders and these poor Tribals are placed in such a pitiable situation that they are not able to pay the interest even. Therefore loans should be made available to these Tribals. The Government should see that the better placed among the Tribals do not enjoy all the advantages made open by the Government.

With these words, I support the Report.

श्री संजी रूपजी (नामनिर्देशित—दादरा तथा नगर हवेली) : माननीय सदस्य जी, मुझे यहां लोक-सभा में आए हुए लगभग छः सात हो महीने हो गए हैं लेकिन आज तक मुझे यहां बोलने का मौका नहीं मिला था। आज आप ने मुझे बोलने का मौका दिया जिस के लिए मैं आप का बड़ा आभारी हूं।

मैं दादरा नगर हवेली से आता हूं। यह विभाग बरसों से फरंगी हूकूमत के नीचे था। वहां पर करीब करीब ८८ टका लोग आदिवासी हैं। हमारे देश के पूज्य राष्ट्रपति जी ने वहां आदिवासी लोग ज्यादा होने की वजह से यहां लोक-सभा में एक अदवासी को नामीनेट किया जिसके लिए मैं और दादरा नगर हवेली की आदिवासी प्रजा पूजा राष्ट्रपति जी और इस सरकार की बड़ी आभारी है।

अध्यक्ष जी, जैसा कि मैं ने पहले बताया है वहां पर फरंगी शासन था जिस की वजह से वहां पर कोई किसी किस्म की प्रगति नहीं हो सकी थी लेकिन वहां की प्रजा १९५४ में आजाद हुई। उस के बाद हमारी सरकार ने हमारा वह विभाग भारत के साथ मिला दिया। यह हमारा सौभाग्य है।

आज यहां पर शैड्यूल्ड एरियाज और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज कमिशन की रिपोर्ट पर बहस चल रही है। मैं भी अपने यहां के आदिवासियों की मुसीबतों के बारे में कुछ बातें आपके द्वारा अध्यक्ष महोदय, इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। जब इस कमिशन की रिपोर्ट तैयार हो रही थी उस वक्त दादरा और नगर हवेली भारत के साथ नहीं थे उनको भारत में मिलाया नहीं गया था। इस वजह से दादरा नगर हवेली की कोई बात इस रिपोर्ट में दिखाई नहीं देती है। आदिवासियों की प्रगति के लिए हमारी सरकार को क्या कुछ करना चाहिये इसके बारे में जो भी बातें इस रिपोर्ट में बताई गई हैं उनके साथ मैं पूर्णतः सहमत हूं। हमारी माननीय सरकार को इस रिपर्ट में लिखी हुई बातों को तुरन्त अमल में लाना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय, मेरे यहां की आदिवासी प्रजा तथा दूसरे लोगों में इतनी ताकत नहीं हैं उनकी इतनी सामर्थ्य नहीं है कि वे पहनने के लिए पूरा कपड़ा भी ले सकें उसको खरीद सकें। वे आज भी आधे नंगे और भूके हैं। यह हमारे देश में सब के लिए एक नामूसी की बात है। इस देश में से गरीबी को निकालना हो तो वह कोई सहल बात नहीं है। इस बात को मैं अच्छी तरह से जानता और समझता हूं। मैं अपने यहां की आदिवासी प्रजा में से गरीबी को निकालने लिए और उनको प्रगति के पथ पर लाने के लिए एक महत्व की बात इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। हमारे यहां आदिवासी प्रजा की प्रगति नहीं हुई है। उसका मुख्य कारण यह है कि जब फिरंगी शासन था उस वक्त से जहां ज्यादा तौर पर दारू और ताड़ी मिलती रहती थी और आज भी वहां दारू ताड़ी काफी मिलती है। जो आदिवासी प्रजा वहां की है जिस तरह से वह फिरंगी शासन में दारू और ताड़ी में फंसी हुई थी उसी तरह से आज भी फंसी हुई है। आज हालत यह है कि दादरा नगर हवेली के चारों तरफ जो प्रदेश लगा हुआ है गुजरात और महाराष्ट्र का प्रदेश लगा हुआ है वहां पर हमारी सरकार ने दारूबंदी कानून लागू कर रखा है, केवल दादरा नगर हवेली में वह लागू नहीं है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि वहां के लोग दादरा नगर हवेली में आ करके जहां पर दारू बंदी नहीं की गई है काफी मात्रा में दारू और ताड़ी

[श्री संजी रूपजी]

का इस्तेमाल करते हैं। जिस तरह दादरा नगर हवेली में आदिवासी काफी संख्या में हैं उसी तरह से उसके चारों बाज़, के जो प्रदेश हैं उसके साथ लगने वाले जो अन्य प्रदेश हैं वहां भी आदिवासी काफी संख्या में रहते हैं। अब होता है कि कि दादरा और नगर हवेली में दारू ताड़ी की बन्दी न होने के कारण हर रोज़हजारों आदिवासी आते हैं और इस दारू ताड़ी का भोग करते हैं। इसके लिए अध्यक्ष महोदय मैं आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना करता हूं कि अगर हमारी सरकार सचमुच आदिवासियों की प्रगति करना चाहती है तो दादरा और नगर हवेली में भी वह जल्दी जल्दी दारू बंदी का कानून लागू कर दे।

इसके साथ ही साथ मैं कुछ और भी सुझाव अपनी सरकार को देना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी वहां पर पढ़ाई की व्यवस्था कर दी जानी चाहिये और नये स्कूल बनाये जानें चाहियें। साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आदिवासियों के बच्चों के लिए कपड़ा किताबों और कम से कम एक टाइम के भोजन की व्यवस्था भी सरकार के द्वारा कर दी जानी चाहिये। तीसरे जहां तक भूमि सुधारों का सम्बन्ध है जो भूमि आदिवासियों के पास है उस भूमि में सुधार के लिए और उस भूमि में कुएं खोदने के लिए और इंजन लगाने के लिये तथा गाय और बैल लेने के लिए सरकार को जल्दी से जल्दी तकावी लोन देने का प्रबन्ध कर देना चाहिये।

चौथा सुझाव मेरा यह है कि जिन लोगों के पास रहने के लिये मकान नहीं है उन लोगों के लिये सोसाइटीज़ बना करके या तो लोंज का या फिर सबसिडीज का प्रबन्ध सरकार को कर देना चाहिये ताकि उन लोगों के लिये मकानों की व्यवस्था हो सके।

पांचवां सुझाव मेरा यह है कि हमारे यहां जो बड़ा भारी फारेस्ट है उस फारेस्ट की लकड़ी का जो आकशन किया जाता है उसको बन्द कर देना चाहिये और वहां रहने वाले आदिवासियों की जंगल मंडली बना कर उन लोगों को इस फारेस्ट की लकड़ी का सब काम देना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री गणपति राम (मछलीशहर) : अध्यक्ष महोदय, सब से पहले तो मैं इस कमिशन के चेयरमैन महोदय, श्री ढेबर भाई को धन्यवाद दूंगा कि उन्हों ने इस रिपोर्ट को लिख कर के इस बात की हमें याद दिलाई है कि उन के दिल में इस देश की और इस राष्ट्र को पिछड़ी हुई जातियों, इस देश के पिछड़े हुए वर्गों और लोगों के प्रति, दलित लोगों के प्रति कितनी सहानुभूति है।

मुझे आश्चर्य होता है कि जहां पर देश के कोने कोने में दूसरी राज्य सरकारों ने शैड्यूल्ड ट्राइब्ज को अपने अपने प्रदेशों में माना है, वहां पर हमारी उत्तर प्रदेश की सरकार ने जहां पर कि लाखों की संख्या में शैड्यूल्ड ट्राइब्ज रहते हैं, उन को मान्यता नहीं दे रखी है। इस कमिशन के चेयरमैन ने भी फोरवर्ड में लिखा है :—

"In the case of UP, in our opinion the Janunsaris or Jaunsar Bawars of Dehra Dun and Uttar Kashi districts present a hard case. They are, in every sense of the term, tribals. Similar is the position of Gonds, Cheros and other and other tribals in the District of Mirzapur in U.P. All these have been execluded from the list of Scheduled Tribes, and, consequently, they have been deprived of the benefit of the Fifth Schedule. They belonged, before the adoption of the Constitution to the Partially Excluded Areas and some of them to the wholly Excluded Areas.".

१९५५ में बैकवर्ड क्लासिस कमिशन ने भी अपनो रिपोर्ट में चैप्टर ६, पेज १५५ में इन शब्दों में इस को लिखा था :—

"The policy of the Uttar Pradesh Government regarding the Tribes in their State is somewhat unusual. The Government have refused to classify and group as tribals. They insist that there is no need to classify and of the tribes as such. The reason advanced by them was that this would create new problems . . ."

17 hrs.

इस के अलावा और भी चीजें हैं । बैकवर्ड क्लासेज कमिशन ने सन् १९५५ में उत्तर प्रदेश में १३ जातियों के बारे में, जिन में यह भी सम्मिलित थीं ।

"भील, भोक्सा, भुइया, भूटिया, बोरा, चेरू, गोंड, घूरिया, नायक, ओझा, जौनसारी, खरवार, कोल, कोरवा, बनमानुस, थारू"

रिकमेन्ड किया था कि उन को शेड्यूल्ड ट्राइब्ज की लिस्ट में लिया जाय और उन के लिये संविधान द्वारा दिय गये जो स्पेशल अधिकार हैं उन्हें उन को दिया जाय । मुझे आश्चर्य के साथ कहना पड़ता है कि आज इतने दिनों के बाद भी, शेड्यूल्ड ट्राइब्जज कमिशन के बेठने के बाद भी बैकवर्ड क्लासेज कमिशन के बैठने के बाद भी, उत्तर प्रदेश की सरकार ने इन जातियों को मान्यता नहीं दी । कहीं इस से वहां एक नई समस्या न खड़ी हो जाय । मैं समझता हूं कि आज की स्टेट सरकारें भी ऐसी समस्याओं पर पर्दा डाल कर उन को टालना चाहती हैं । आज एक तरफ तो केन्द्रीय सरकार इतनी सचेष्ट है, पढ़ा लिखा समाज इतना सचेष्ट है, देश के नेता लोग इतने सचेष्ट हैं कि देश का जो पिछड़ा हुआ तबका है, दलित तबका है वह ऊपर उठे और दूसरी तरफ हमारी स्टेट की सरकारें इस तरह का व्यवहार करती हैं । जहां तक मैं समझता हूं हमारे शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज कमिश्नर की रिपोर्ट हर साल सदन में आती है .

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य भाषण जारी रखना चाहेंगे ?

श्री गणपति राम : जी हां, जरूर रखना चाहूंगा ।

अध्यक्ष महोदय : मुझे एक बात सदन के सामने रखनी है कि जो कार्यक्रम गवर्नमेंट ने रक्खा है उस में इस के बाद अगला आइटम है :

"Discussion on the increase in the number of crimes and the deterioration in the law and order situation in the Union territory of Delhi."

इस के लिये दो घंटे रक्खे गये थे । आज सुबह सदन की मर्जी से हम ने वह दो घंट जो फ्लड सिचुएशन थी उस पर खर्च कर दिये, जोकि अगले आइटम पर लेने थे । अब दो ही सूरतें हो सकती हैं । या तो जो डिस्कशन चल रहा है उस को हम अगले सेशन तक चलता रक्खें और जो दिल्ली की क्राइम रिसिचुएशन है उसे कल ले लें या फिर क्राइम सिचुएशन को अगले सेशन में रक्खें और उस के समय को इस मोशन में लगा कर इस को कल खत्म कर दें । जैसा हाउस चाहे वैसा किया जा सकता है ।

श्री हरि विष्णु कामत : दिल्ली के मामले को इसी सेशन में लिया जाय ।

एक माननीय सदस्य : एक दिन के लिये सेशन बढ़ा दिया जाय ।

अध्यक्ष महोदय : एक दिन तो और नहीं बढ़ाया जा सकता । इस वक्त सब माननीय सदस्यों ने अपना अपना इन्तजाम किया हुआ है इसलिये एक दिन बढ़ाना तो मुश्किल है । इन दो सूरतों में से हाउस जो चाहे चुन ले, उस गो अख्त्यार है । एक चीज चल सकेगी । जो आप चाहें वह चीज रख लें । एक को अगले सेशन तक मुल्तवी करना पड़ेगा ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैं बड़ी नम्रता से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जहां तक इस कमिशन की रिपोर्ट का सम्बन्ध है, रिपोर्ट आ चुकी है । रिपोर्ट आने के पश्चात् सदन में उस पर कुछ चर्चा भी हो चुकी है । लेकिन दिल्ली में अपराधों की स्थिति इतनी भयंकर हो गई है कि आये दिन कुछ न कुछ होता है । आप स्वयम् समाचारपत्रों को देखते होंगे, कत्ल, डाके, अपहरण इस प्रकार की भयंकर स्थिति होती चली जा रही है । इसलिये मैं आप से अनुरोध करता हूं कि अगर आप इस को प्रिफरेंस दे दें तो ज्यादा अच्छा होगा ।

श्री ह० च० सोय (सिंहभूम) : अध्यक्ष महोदय, मेरी राय यह है कि जो कमीशन की रिपोर्ट है उस को यहां सेशन के आखीर में रक्खा जाता है, यह ठीक नहीं है । उस को यहां पहले रक्खा जाना चाहिये था और इस से पहले समय दिया जाना चाहिये था । अब जब यह चर्चा में आ ही गई है तो उस को पूरा समय मिलना चाहिये और कल मिलना चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय : कल तो कुल दो ही घंटे मिल सकेंगे क्योंकि जो ढाई घंटे हैं उन में से कुछ वक्त चला जायेगा बाकी चीजों में । दो या सवा दो घंटे बाकी रह जायेंगे । तो अगर आप इस को कल खत्म करना चाहें . . .

श्री हरि विष्णु कामत : बारह से साढ़े तीन बजे तक साढ़े तीन घंटे होते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : कल हम पांच बजे तक ही बैठेंगे । इस तरह से दो ही घंटे हैं । या तो हाउस यह ले सकता है या वह ले सकता है । जो आप चाहते हों उसे ले लिया जाय ।

श्री उइके : मैं समझता हूं कि जो विषय चल रहा है उस को लेने की अधिक आवश्यकता है क्योंकि इस में दो या ढाई सौ आदिवासियों का सवाल है । यहां पर विचार के बाद इस का इम्प्लिमेंटेशन हो सकेगा । यह देहातों की समस्या है अगर यह इस सेशन में पूरी नहीं होगी तो ठीक नहीं रहेगा ।

Shri Basumatari (Goalpara): If it is left to the next Session, it will create a very bad impression outside.

श्री दाजी (इन्दौर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि कमिशन की रिपोर्ट आ चुकी है । अगर किसी माननीय सदस्य को यह गलतफहमी हो कि चर्चा हो जाने से उस का इम्प्लिमेंटेशन शुरू हो जायेगा तो ऐसी बात नहीं है । मेरी राय है कि दो घंटे इस के लिये अपर्याप्त हैं क्योंकि थोड़ी सी ही बहस हुई है । इस लिये इस को अगले सेशन में लिया जाय और कल का समय ला ऐंड आर्डर सिचुएशन पर लगाया जाय ।

Shri Basumatari: We appeal to the House. It will create a very bad impression outside.

Shri Hari Vishnu Kamath: I move formally:

> "That the discussion on the Scheduled Tribes and Areas Commission's Report be postponed to the next session, and the discussion on the law and order situation in Delhi be taken up tomorrow."

अध्यक्ष महोदय : मुझे कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन जो शैड्यूल्ड ट्राइब्ज के भाई हैं उन के जज्बात को देखना है, इसलिये हमें इस की तरफ भी ध्यान देना है । उन को नाराज नहीं करना है । अगर वह इसे चाहते हों और जोर दें कि नहीं, यह जरूर चले, तो मैं चलाऊंगा इसे ।

श्री मा० ला० वर्मा (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदय, अगर इस पर अमल नहीं होगा तो बहुत नुक्सान होगा ।

Shri Dasaratha Deb (Tripura East): Sir, I move an amendment to Shri Kamath's motion.

"That this discussion may be deferred till the next session but must be taken up in the first week of the next session."

Shri Hari Vishnu Kamath: Sir, I accept the amendment.

अध्यक्ष महोदय : अगर इस पर हाउस में इत्तफाक हो कि यह पहले हफ्ते के अन्दर हो जाये और दूसरों को ऐतराज न हो तो ठीक है, इस को अगले सेशन के पहले हफ्ते में रखा जा सकता है ।

एक माननीय सदस्य : इस पर समय भी ज्यादा रखा जाय उस समय ।

अध्यक्ष महोदय : मेरा भी यही कहना था कि बढ़ा देंगे आधा या एक घंटा, यह मुझे मंजूर है ।

एक माननीय सदस्य : यह चीज आगे के लिये नहीं बढ़ना चाहिये । मैं चाहता हूं कि इसी सेशन में इस पर विचार हो ।

अध्यक्ष महोदय : इसी सेशन में ? अच्छा तो मैं एक फार्मल मोशन आपके सामने रखता हूं । जैसा चाहें आप फैसला करें । मैं अपना जिम्मेदारी लेने के लिये तैयार नहीं हूं । मैं उस पर इस का छोड़ता हूं, जो मर्जी हो वह कर दे, मुझे मंजूर है ।

एक माननीय सदस्य : आप वोट ले लें ।

अध्यक्ष महोदय : फिर आप ऐतराज करेंगे वोटिंग पर ।

श्री हरि विष्णु कामत : मुझे इस पर कोई ऐतराज नहीं है ।

श्री गणपति राम: मेरा एक सुझाव है । देश की जनता को यह शुबहा कहीं न हो कि शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के मामले को हम पीछे ढकेलते जाते हैं । इसलिये मैं सदन के माननीय सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि जब इतने नोंके बाद यह चीज हमारे सामने आई है तो फिर इस को टाला न जाय ।

अध्यक्ष महोदय : अगर ऐसी अपील वह करते हैं तो फिर शास्त्री जी ही मान जायें ।

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : अगर यह आशा हो कि कल रिपोर्ट पर चर्चा होने के पश्चात् ही हमारे आदिवासी भाइयों का भला होने वाला हो तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मैं नम्रता से निवेदन कर रहा हूं कि थोड़ा सोच लीजिये । कल का समय भी सीमित है क्योंकि नानआफिशल बिजिनेस भी कल होगा । अगर अगले अधिवेशन में आप इस को पहले सप्ताह में ले लेंगे तो, जैसा अध्यक्ष महोदय ने कहा, चर्चा अधिक हो सकेगी । अभी तो जल्दबाजी में निर्णय हने की सम्भावना है और यह ठीक नहीं है ।

श्री उइके : मैं कहना चाहूंगा कि शास्त्री जी सोच लें । स्टेट गवर्नमेंट्स को बहाना इस से मिल जायेगा । आप भले ही आधा घंटा हमारे टाइम में से ले लीजिये, इस में कोई हर्ज नहीं है । शहर के लिये हम देहात के लोग अपने टाइम का दान कर देंगे, लेकिन इस को अभी ही लिया जाय ।

श्री हरि विष्णु कामत : मेरा नम्र निवेदन है कि यदि अगले सेशन में पूरा दिन इस कमिशन की रिपोर्ट पर चर्चा के लिये दे देंगे तो हमारे सहयोगी उस को मंजूर कर लेंगे कि कल ढाई घंटे देने के बजाय उस को पूरा दिन मिले ।

अध्यक्ष महोदय : यह लालच तो आप दें सकते हैं, मैं नहीं दे सकता ।

श्री भंवरलाल मीना (उदयपुर) : मेरा सुझाव यह है कि आज भी इसे कान्टिन्यु रखा जाय और अगले सेशन में भी इस रिपोर्ट पर डिस्कशन चलना चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय : अगर आप यह बर्दाश्त कर रहे हैं कि कल के बाद भी वह अगले सेशन में आये तो उन का केस मजबूत हो जायेगा ।

श्री मू० भू० वैद्य (साबरमती) : बात ऐसी है कि शेड्यूल्ड कास्ट और ट्राइब्ज कमिशन की रिपोर्ट जो थी वह आप ने अगले सेशन में रख दी है, अगर इस पर भी विचार स्थगित किया जायेगा तो जो हिन्दुस्तान की पिछड़ी हुई जातियां हैं वह इस का यह अर्थ निकालेंगी कि चूंकि हम लोग पिछड़े हुए हैं इसलिये पार्लियामेंट हमें और भी पीछे डालना चाहती है । इसलिये यह चर्चा चालू रखनी चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय : अगर आप मंजूर नहीं करेंगे कि यह रिपोर्ट अगले सेशन में चले तो इस पर चर्चा जारी रहेगी । दूसरी चीज, उन साहबों के लिये जो कि इस विषय में चिन्तित हैं, यह है कि वह नानआफिशल बिजिनेस के लिये मनवा सकें तो मनवा लें ।

श्री हरि विष्णु कामत : क्या यह उम्मीद की जा सकती है कि नान आफिशल बिजिनेस की जगह ला ऐंड आर्डर सिचुएशन को ले लिया जाय ?

अध्यक्ष महोदय : मैं तो आर्डर नहीं दे सकता, आप मनवा सकें तो अच्छा है ।

18.10 hrs.

ISSUE OF INDUSTRIAL LICENCES*

Shri Warior (Trichur): Sir, This discussion had been necessitated by the answers given to starred question No. 529 on the 22nd August, 1962. Not only that. There was a growing fear and apprehension in the mind of the public also that there was more and more concentration of industrial and economic power. Every year, after the licensing period is over, this fear is only on the increase and not on the decrease. That is why this discussion is highly necessary periodically to bring home to the Government that whenever it tends to violate the basic policies underlined by the resolution adopted by the Government and the Parliament, the Government must be pulled up, and it must be made known to them that it is time to stop them when they reverse the policy and to see that the industrial policy as laid down is carried out in its full implication.

The industrial policy resolution clearly says that the operation of the economic system does not result in the concentration of wealth and means of production to the common detriment. It is necessary to see whether this high ideal set forth and the principle enunciated in the industrial policy resolution has been materialising in actual practice. In 1957, when a survey was made by some private agencies, we found that the directorships of big companies are closely held within the hands of a few tycoons in industry. For instance, Sakhania had 107 directorships. It may not be just one Sakhania, but the Sakhania family as a whole controlled 107 directorships. Dalmia had 103; Ruia had 80; Birla had 60; Goenka had 55; Podar had 55; Sangur had 52; Jathaya had 51 and so on. The others had less than 30 to 35.

Not only that. We found also that the total assets controlled by this complex of industry ran to crores of rupees. I will give you only three or four instances. Tatas controlled Rs. 290 crores. worth of assets. Birlas controlled Rs. 291 crores. Martin Burn controlled Rs. 88 crores. Dalmia Jain controlled Rs. 50 crores. Like this, there are a few more houses which are controlling the major assets already in the industry. When this is continuing, because of this picture before our mind, we are always ap-

*Half-An-Hour Discussion.